पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 2 ◆ रायपुर 20 जुलाई 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

राज्य के कुल सात नगरीय निकायों को पुरस्कृत

### छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी स्वच्छता की चमक

# 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बिल्हा देश का सबसे स्वच्छ शहर

रायपुर। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। बिल्हा नगर पंचायत 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में अब देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है।



**बिलासपुर तीन लाख से दस लाख जनसंख्या श्रेणी में देश का दूसरा और कुम्हारी 20-50 हजार की आबादी वाले शहरों में देश का तीसरा सबसे साफ शहर**

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत नगरीय निकायों को दी बधाई**

तीन लाख से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा स्थान मिला है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में इन तीनों नगरीय निकायों के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के कुल सात नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल हुए। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अंबिकापुर, पाटन, विश्रामपुर और रायपुर ने भी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार शामिल नई श्रेणी स्वच्छता सुपर लीग (एसएसएल) में अंबिकापुर, पाटन और विश्रामपुर ने जगह बनाई है। यह

**बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा स्थान मिला है**

सम्मान उन शहरों को दिया गया, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान वर्ष में शीर्ष 20 शहरों में शामिल हैं। अंबिकापुर ने 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में तथा पाटन और विश्रामपुर ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एसएसएल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।



## 20 दिन बाद अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटे शुभांशु...



भारत के लिए यह गौरव और विज्ञान दोनों की उड़ान थी। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 20 दिन अंतरिक्ष में रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर सकुशल लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार शुभांशु ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से करीब 23 घंटे की वापसी यात्रा की और कैलिफोर्निया के तट पर सफल 'स्प्लैशडाउन' किया। यह मिशन इसलिए खास था क्योंकि 41 साल बाद किसी भारतीय ने अंतरिक्ष में कदम रखा। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत मिशन के तहत स्पेस में गए थे। अब शुभांशु ने भारत को फिर से अंतरिक्ष की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। शुभांशु का यह मिशन अमेरिकी कंपनी एक्सियम स्पेस, NASA, इसरो और स्पेसएक्स की साझेदारी में हुआ। 548 करोड़ रुपये की लागत से भारत ने इस मिशन में भागीदारी की थी। शुभांशु स्पेस में जाने वाले दूसरे और ISS पर जाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। अपने 18 दिवसीय अंतरिक्ष प्रवास के दौरान शुभांशु ने 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किए। इनमें से 7 प्रयोग भारत के थे, जैसे — मेथी और मूंग के बीजों की स्पेस फार्मिंग, हड्डियों की सेहत पर जीरो ग्रेविटी का असर, और माइक्रोएल्गी का उपयोग। इन प्रयोगों से भारत के गगनयान मिशन को सीधा लाभ मिलेगा। यह मिशन 2027 तक लॉन्च होना है और शुभांशु का अनुभव भारत के पहले मानव मिशन की नींव को मजबूत करेगा।

### प्रदेश के सुदूर अंचलों में भी लोगों को मिल सकेगा प्रभावी उपचार

# मुख्यमंत्री ने 151 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** प्रदेश के बस्तर से लेकर सरगुजा तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लोगों को पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मैदानी स्वास्थ्य अमले के लिए 151 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलों में भी लोगों को समय पर प्रभावी उपचार मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। पुराने, अनुपयोगी हो चुके वाहनों को स्क्रैप कर उनकी जगह अत्याधुनिक नए वाहनों को शामिल किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध निरीक्षण और निगरानी को भी गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिला और विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे वाहनों से नियमित निरीक्षण, स्वास्थ्य शिविरों की निगरानी, दूरस्थ अंचलों तक त्वरित पहुँच और आपातकालीन परिस्थितियों में समयबद्ध हस्तक्षेप संभव हो सकेगा। इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन अधिक प्रभावी और गतिशील होगा तथा राज्य में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली और अधिक सक्रिय होगी।



**छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत**



### 851 नए एंबुलेंस भी मिलेंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को ये वाहन चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के 12 जिलों को ये वाहन भेजे जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही प्रदेश में 851 नवीन एंबुलेंस सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें से 375 एंबुलेंस 108 आपातकालीन सेवाओं के लिए, 30 एंबुलेंस ग्रामीण चलित चिकित्सा इकाइयों के लिए तथा 163 'मुक्तांजली' शव वाहन निःशुल्क सेवा के अंतर्गत दी जाएंगी।

# गुरु पूर्णिमा पर एक पेड़ गुरु के नाम, शिव शक्ति विद्या धाम मंदिर में

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम बनिया के शिव शक्ति विद्या धाम परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुदेव डॉ. राजेश्वर प्रसाद तिवारी जी द्वारा एक वृक्ष गुरु के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। धाम में भगवान सदाशिव भोलेनाथ का रुद्राभिषेक हुआ। विविध स्थानों से पधारे साधकों द्वारा भेंट पूजन तिलक के बाद आशीर्वचन में श्री तिवारी जी ने कृष्णा द्वापायन की जयंती को गुरु पूर्णिमा के रूप में मानने की बात कही। वास्तु शास्त्र एवं योग पर चर्चा करते हुए कहा



परमात्मा के नाम स्मरण से किया गया योग शरीर की जड़ता खत्म करता है। वेद को सामान्य भाषा में समझाया। डॉ. आर. पी. शर्मा, व्यासनारायण पांडे ने गुरु महिमा पर प्रकाश डाला। गायत्री संस्था के संरक्षक महेंद्र विरदी ने कहा गुरु का एक हाथ परमात्मा के हाथ में है और एक हाथ शिष्य के हाथ में ऐसा गुरु सेतु बन जाता है। गुरु पर रुकना नहीं है गुरु से पार जाना है गुरु का सहारा लेकर उस जगह पहुंच जाना है जहाँ सहारे की कोई जरूरत न रह जाए। गुरु से बढ़ कर वंदनीय और पूजनीय दूसरा कोई नहीं है। उक्त कार्यक्रम में पं. विजय तिवारी, पं. रामकृष्ण तिवारी, साहित्यकार कमल शर्मा, हितेश कागलीवाल, अनिल सिंघानिया, ढाल सिंह, अशीष बिंदल, अंजनी देवांगन, घनश्याम कागलीवाल बेमेतरा, डॉ. टावरी, नीलकंठ सिंह सहसपुर लोहारा, आलोक सिंह परमार, धनराज सिंह परमार, डॉ. शिव परमार, ठाकुर कमल सिंह, गोकरन सिंह इसके अलावा बालोद, डौंडी, भानुप्रतापपुर, दुर्ग, रायपुर, भिलाई सहित अंचल से बड़ी संख्या में सत्संगी पधारे। बालिका मानस मंडली रंजीतपुर द्वारा संगीतमय मानसगान की प्रस्तुति ने ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। संचालन नंदकुमार सिंह ने किया।

# सोमेश सिन्हा नगर अध्यक्ष और लक्ष्मी मानिकपुरी बनी नगर मंत्री

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई की नवीन कार्यकारिणी की गई घोषणा की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को नवीन जिम्मेदारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रांत छात्रा प्रमुख राशि त्रिवेदी, बलौदा बाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, बलौदा बाजार जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी उपस्थित रहे। राशि त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने को कहा। वह आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू ने विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की वह विद्यार्थी परिषद के कार्य पद्धति से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, नगर मंत्री लक्ष्मी मानिकपुरी, नगर सह मंत्री हरिओम मिश्रा, संस्कार सोनी व कनिका मिश्रा , नगर कार्यालय मंत्री उमेंद्र साहू , कार्यालय सह मंत्री वेदांत वर्मा, स्त्रर प्रमुख रोशनी सोनी, सह प्रमुख खुशबू साहू, एसएफडी प्रमुख दीपेश शर्मा सह प्रमुख रिया , राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख साक्षी निर्मलकर, सह प्रमुख लीना राजपूत, खेलो भारत प्रमुख अरुण कुमार, सह प्रमुख दामिनी साहू, सोशल मीडिया प्रमुख संजू चतुर्वेदी, सह प्रमुख संजू साहू, nss प्रमुख भारतीय नौरंगी, अग्रविजियन प्रमुख राजदीप गौरा रहे।

# 4 तहसीलदारों समेत अफसरों का कलेक्टर ने किया ट्रांसफर

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को 4 तहसीलदार समेत 8 अधिकारियों को ट्रांसफर कर दिया है। धमधा के तहसीलदार तार सिंह खरे को बोरी, मीना साहू को पाटन से धमधा, रवि विश्वकर्मा को बोरी से भिलाई -3 और पवन ठाकुर को भिलाई-3 से पाटन भेजा गया है। इसी तरह नायब तहसीलदार धर्मेश श्रीवास्तव को बोरी से पाटन, रमाकांत पटेल को पाटन से बोरी, चंद्रशेखर कंवर को भिलाई-3 से अहिवारा और कुंदनलाल शर्मा को अहिवारा से भिलाई-3 तहसील कार्यालय में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों की पदस्थापना



में संशोधन करते हुए नई पदस्थापना कार्यालय में तत्काल ज्वाइन करने का आदेश दिया है।

# भाजपाइयों ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

संवाददाता गरियाबंद नरेन्द्र सेन

**मैनपुर।** 6 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर द्वारा स्थानीय विश्रामगृह में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम भारत माता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवम माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा था एक देश में दो प्रधान दो संविधान और दो निशान नहीं चलेंगे और इस संकल्प की पूर्ति के




लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया। उनका सपना था अखंड भारत और आज देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अनुच्छेद 370 को खत्म कर डॉक्टर मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। डॉ मुखर्जी नेजन संघ के रूप में राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश का नेतृत्व कर रही है।

मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी दूरदर्शी शिक्षाविद थे आज उनकी जयंती पर हम सभी कार्यकर्तता संकल्प लें कि हम राष्ट्र हितसेवा समर्पण के मार्ग पर चलेंगे और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुचायेंगे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेश कश्यप ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, भाजपा मण्डल महामंत्री महेश कश्यप, मण्डल कोषाध्यक्ष महेंद्र सोनी आदि मौजूद थे। मैनपुर। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाते भाजपाई।

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत



विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है।इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश %सामा-ऱ्य से कम% असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्ऱ्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है।

इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है। विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011–12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022–23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है।

उमेश चतुर्वेदी

# हरेली त्यौहार की ऐतिहासिकता

**छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में अनेक पर्व - त्यौहारों का सुंदर समन्वय प्राप्त होता है।इन्हीं में से एक अत्यंत प्रिय व प्राचीन पर्व हरेली है, जिसका अर्थ हरियाली अर्थात धरती मईया का हरा-भरा होकर किए गए सुंदर श्रृंगार से हैं। हरेली सावन माह की अमावस्या को मनाया जाता है जो कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में अत्यंत लोकप्रिय होने के साथ ही कृषक समाज में विशेष महत्व रखता है। यह त्यौहार खेती बाड़ी हरियाली और जीवन में शुभ के प्रतीक के रूप में आज भी पूरे उत्साह से मनाया जाता है।**






हरेली पर्व वर्तमान स्वरूप धारण करने से पूर्व अनेक ऐतिहासिक स्वरूपों से युक्त रहा है।

हरेली त्यौहार के आरंभिक साक्ष्य अत्यंत प्राचीनता से युक्त है इसका आरंभ मानव समाज द्वारा कृषि कार्य के आरंभ के साथ ही दृष्टिगोचर होता है।

आगे जाकर वैदिक काल में अथर्ववेद के "कृषि सूक्त "में तथा "विष्णु पुराण" में "वर्षारम्भ अनुष्ठान" के रूप में हरेली पर्व का वर्णन प्राप्त होता है।

मौर्य काल में कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्ष के प्रारंभ में कृषि यंत्र, हल औजार आदि के रखरखाव, शुद्धिकरण व पूजन का वर्णन प्राप्त होता है।

"कर्षक कर्मणि उपकरणानां सम्यक् संस्कारः।"

(कृषक को अपने उपकरणों का विधिपूर्वक संस्कार करना चाहिए।)

यह उपकरण संस्कार परंपरा आगे चलकर हरेली जैसे स्वरूप में विकसित हुई।

गुप्त काल में "कृषक महोत्सव", वर्षारंभ अनुष्ठान और हल पूजन का उल्लेख पुराने नाटकों व ग्रंथों में प्राप्त होता है। "प्रावृषि कृषकाः हलद्वार पूजयन्ति।"

(वर्षा ऋतु के आगमन पर कृषक हल द्वार की पूजा करते हैं।)

भारत के चक्रवर्ती सम्राट के दरबारी कवि बाणभट्ट की रचनाओं में वर्षा ऋतु के स्वागत और हरियाली की प्रशंसा के प्रसंग है। सर्वं भूमितलं हरितवसनमिव बभौ।"

(भूमि पर मानो हरियाली का वस्त्र बिछ गया हो।)

इस काल में "ऋतु पर्व" बड़े सामुदायिक अनुष्ठान है जो संभवतः हरेली जैसी लोक परंपरा की जड़ है।

छत्तीसगढ़ के कलचुरी वंश के विभिन्न ताम्रपत्रों में "वर्षारम्भ महोत्सव" और "कृषक सभा" का उल्लेख प्राप्त हुआ है। "ज्कर्षकैः हल-युगलादीनां स्नाप्य पूजनं कृत्वा"

(कृषकों ने हल और युगल बैलों को स्नान कराकर पूजन किया।)

## हरेली का छत्तीसगढ़ में वर्तमान स्वरूप व विशिष्टता

इस दिन किसान कृषि यंत्रों और गाय बैलों की पूजा करते हैं , उन्हें लोंदी खिलाया जाता है,तत्पश्चात कृषि कार्य आरंभ करते हैं। यह मान्यता है कि इससे पूरे वर्ष कृषि उपकरण और पशु स्वस्थ व शक्तिशाली बने रहते हैं। नीम को स्वास्थ्य वर्धक अशुभ शक्तियों को दूर करने वाला, कीड़े मकोड़ों व बीमारियों को दूर करने वाला माना जाता है जिसके कारण हरेली के दिन घरों के मुख्य द्वार पर नीम की डालियां सजाई जाती है। साथ ही आज के दिन गांवों में बैगा गांव की सुरक्षा के लिए तंत्र साधना करते है।

प्राचीन समय में गलियों में वर्षा ऋतु के कारण होने वाले कीचड़ से बचने के लिए गेड़ी ( लकड़ी का विशेष उपकरण ) पर चढ़कर चलने की अनूठी परंपरा विकसित हुई जो की वर्तमान में बच्चों, विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। गांव में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है।

हरेली हरियाली के स्वागत का पर्व है । भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही कृषि यंत्रों और हरियाली पर्वों का पूजन एक स्थाई परंपरा थी यही परंपराएं हरेली त्यौहार के रूप में विकसित हुई जिसे छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने विशिष्ट रूप देकर जीवित रखा तथा एक नई पहचान दी।



कर्मवीर धुरंधर
असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग मोतीलाल नेहरू कॉलेज दिल्ली विश्विद्यालय



# मारवाड़ी सेवा मंच ने कावरियों के लिए लगाया सेवा शिविर

## राम नाम की महिमा, राम से बड़ा राम का नाम- संतोषी लाल पाराशर

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** महाराणा प्रताप भवन में महादेव शिव भक्ति के महापर्व सावन माह में थान खम्हरिया से होकर भोरमदेव पदयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शुद्ध, सात्विक भोजन, स्वल्पाहार एवं विश्राम की व्यवस्था कल 12 जुलाई से परम श्रद्धेय संतोषी लाल पाराशर के सानिध्य में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव बिंदल, अनिल सिंघानिया, शिवेंद बिंदल व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित, पूजा अर्चना कर भगवान शिव महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पश्चात पं. संतोषी



लाल पाराशर जी को साल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। यह आयोजन का तीसरा वर्ष है। मारवाड़ी सेवा मंच का सामाजिक, धार्मिक कार्यों में हमेशा सहभागिता रहती है। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल ने कहा सावन मास पर सेवा करने का सौभाग्य शिव भक्तों के लिए यह प्रयास किया गया है। और हम सब का सौभाग्य है, कि इस पुण्य कार्य में सहयोग सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। परम श्रद्धेय पं. संतोषी लाल पाराशर ने अपने आशीर्वचन में कहा, सावन महोत्सव जिसे श्रावण महोत्सव भी कहा जाता है। एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है जो भगवान शिव को समर्पित है। भगवान शिव की पूजा करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। सावन माह के दौरान सोमवार का दिन शुभ होता है। और ऐसा माना जाता है, कि यदि भक्त समर्पण के साथ अगर शिव की पूजा करें तो शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। आगे पाराशर महाराज ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए, बताया राम नाम की महिमा अपरंपार है। इसे वेदों का प्राण माना जाता है। राम नाम का जाप करने से मन को शांति मिलती है, पापों का नाश होता है। और मोक्ष की प्राप्ति होती है। राम नाम की महिमा राम से बड़ा राम का नाम है। भगवान राम के जन्म से पूर्व इस नाम का उपयोग ईश्वर के लिए होता था।

# गुरु पूर्णिमा पर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल

## मंदिरों एवं निवासों में हुआ गुरु पूजन, भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर सहित नगर के विभिन्न स्थलों पर गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ गुरुजनों का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री अशोक अग्रवाल के निवास में परम पूज्य आचार्य पं. संतोषी लाल पाराशर जी का गुरु पूजन एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्य जी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा – "गुरु बिना न तो ज्ञान संभव है, न कर्म की दिशा और न ही जीवन का सार। गुरु ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर सत्य की ओर ले जाते हैं।

इसी क्रम में राधाकृष्ण जमात मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा का विशेष आयोजन किया गया, जहां दंतेश्वरी मानस मंडली, शिव शक्ति महिला मंडली एवं ग्राम दर्री स्व सहायता समूह द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किए गए। बीच-बीच में कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे द्वारा भक्तों को आशीर्वचन व प्रवचन दिए गए। उन्होंने कहा – "आज के भौतिक युग में भी यदि कोई सच्चा मार्गदर्शक है, तो वह गुरु ही है।

नगर के विभिन्न मंदिरों, आश्रमों व निवासों में भजन, कीर्तन, गुरु वंदना एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुए। शिष्यों ने गुरुजनों को दक्षिणा, वस्त्र एवं भोग अर्पित कर कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास, महेन्द्र विरदी, अनिल सिंघानिया, संतोष लाल सिंघानिया, मानस संघ ब्लाक अध्यक्ष भरत साहू, सुरेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, होरीलाल पाल, संतोषी कुंभकार, पूजा सिंह, मीना नामदेव, गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, कमल किशोर शर्मा, राज शर्मा, शिवेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नगर में गुरु-शिष्य परंपरा के इस पवित्र पर्व को पूर्ण श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वातावरण में भक्ति, प्रेम और गुरु के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से महसूस की गई।

# सेक्टर 5 मार्केट में तलवार से हमला करने वाले आरोपियों को चंद घंटे में ही किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो तलवार एवं मारुति अल्टो कार जप्त

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** प्रार्थी चन्द्रकांत वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.07.2025 के रात्रि 22.15 बजे के आसपास वह अकेले अपनी मो.सा. से सिगरेट पीने नंदू पान ठेला सेक्टर 5 मार्केट गया था। नंदू पान ठेला बंद था, तब अपने पास रखे सिगरेट को जलाकर चबूतरा में बैठकर पी रहा था । रात्रि करीबन 22:30 बजे के आसपास के यशवंत नायडू एवं लक्की जॉर्ज आये और मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए यहां से भाग बोले। प्रार्थी जब उन लोग को गाली गलौज देने से मना किया तो दोनों आरोपी एक राय होकर तू ज्यादा बात कर रहा है तु हम लोग को नहीं जानता है, हम लोग भिलाई के गुण्डे है, आज तुझे जान से खत्म कर देंगे कहते हुए हत्या करने की नियत से यशवंत नायडू धारदार हथियार से हमला किया 7 हमला करने पर प्रार्थी अपने आप को बचाने का कोशिश किया, जिससे प्रार्थी को बाएं हाथ की उंगली में चोट आई फिर लक्की जॉर्ज सामने से आकर धारदार हथियार से प्रार्थी के सिर




**अपने आप को भिलाई का गुंडा बता कर, धमकी देकर धारदार हथियार से किया गया था प्राण घातक हमला**

**दो आरोपियों को भेजा गया जेल**

में मारा जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा 7 प्रार्थी अपनी जान बचाकर लिफ्ट लेकर सेक्टर 09 अस्पताल पहुंचा जहां पर उनका उपचार जारी है 7 प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध क्र. 363/2025 धारा 109, 296, 351(3), 115(2) बीएनएस. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अपराध कायमी के चंद घंटे के भीतर आरोपियों को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया, जिन्होनें घटना घटित करना स्वीकार किये। घटना में प्रयुक्त अल्ट कार एवं दो नग धारदार तलवार को आरोपियों की निशानदेही पर विधिवत जप्त किया गया।

# शिवनाथ नदी से बाढ़ उतरने के बाद सेमरियाघाट पुल की दयनीय हालत, कभी भी घटित हो सकता है गंभीर हादसा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा** । लगभग 54 वर्ष से भी अधिक पुराने शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल पर बाढ का पानी उतर जाने के बाद सेमरियाघाट पुल की स्थिति बद से बदत्तर हो गयी है पुल पर डेढ डेढ दो दो फीट के लंबे चौडे व गहरे गडडे हो जाने से विभिन्न प्रकार के दोपहिया चौपहिया व हैवी वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे है जरा सी भी लापरवाही व चूक होने से कोई भी वाहन उफ नती हुई शिवनाथ नदी में समा सकती है इस प्रकार भाटापारा बिलासपुर सडक मार्ग का महत्तवपूर्ण हिस्सा शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल अपनी जर्जरा अवस्था की हद को पार कर गया है पुल में मौजूद असंख्या गडडे खुलेआम मौत को दावत दे रहे है खतरनाक गडडे से दुपहिया वाहन तथा कारचालक एवं कैप्शूल वाहन ट्रक, माजदा, सहित अन्य सभी वाहनो को अपनी जान हथेली में रखकर पुल पार करना पड रहा है एक लंबे समय से सेमरियाघाट के पुराने पुल के स्थान पर उच्च स्तरीय नये पुल बनाने की मांग क्षेत्रवासी कर रहे है और बकायदा राज्य शासन द्वारा पिछले बजट में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किये जाने का उल्लेख किया गया है लेकिन एक लंबे समय बीत जाने के बाद भी नये पुल निर्माण का कोई अतापता नही है यह विदित रहे कि भाटापारा बिलासपुर सडक मार्ग अतिव्यस्त मार्ग है इस प्रमुख सडक मार्ग से सेमरियाघाट शिवनाथ नदी का पुल पार करके प्रतिदिन हजारो लोग बिलासपुर चकरभाटा हिर्री माइंस सरगाव बैतलपुर मारो गुजेरा पुटपुरा नारायणपुर मदकू बासीन ठेलकी दूधिया नवागांव सहित अन्य गांव से विभिन्न प्रकार के कार्य को लेकर भाटापारा आवाजाही करते है ऐसी सूरत में शिवनाथ नदी के जर्जर पुल को प्राथमिकता के साथ मरम्मत करते हुए तत्काल बनाये जाने की जरूरत है ताकि कोई गंभीर हादसा या घटना घटित न हो सके वर्तमान में जर्जर पुल से कभी भी बडी हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है क्योकि एक ओर जहा जर्जर पुल है वही दुसरी ओर उफ नती हुई शिवनाथ नदी है लोग सेमरिया घाट के जर्जर पुल पर सांसे रोककर नदी पार कर रहे है प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान देवे

## विद्युत व्यवस्था कार्य का भूमिपूजन किया अश्वनी शर्मा ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मैदान में उतरते हुए नागरिको के समस्याओ को करीब से जानने का प्रयास किया है इस दौरान उन्होने अनेक वार्डो की समस्या को सुना तथा भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर शहर सीमा से लगे लक्ष्मी अपार्टमेंट तक स्ट्रीट लाईट की सुविधा उपलब्ध न होने पर उन्होने इस गंभीर समस्या पर नागरिको की मांग को गंभीरता से लेते हुए संतमाता कर्मा वार्ड से लक्ष्मी अपार्टमेट तक विद्युत व्यवस्था कार्य के लिए भूमिपूजन किया इस कार्य को उन्होने शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को देते हुए कहा है कि बरसात के समय में इस रोड पर रात्रि में आवागमन करने वाले तमाम नागरिको के साथ साथ महिलाओ को सुरक्षा व सुविधा दिलाने की उदेश्य से विद्युत व्यवस्था का कार्य द्रूत गति से पूर्ण किया जाना चाहिए ताकि लोगो को परेशानी से मुक्तिमिल सके उक्त अवसर पर अनेक राजनेता व कार्यकर्ता बडी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## 4 किलो गांजा के साथ दो युवक और 1 महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ रतन कुमार




**अंडा।** गांजा तस्करी के मामले में अंडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। दो युवक और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 4 किलो गांजा, एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जब्त किए गए। जब्त सामान की कुल कीमत 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। घटना गुरुवार की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से गांजा ला रहे हैं। गीता पेट्रोल पंप के पास मेन रोड पर दोनों युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोका और तलाशी ली। मोटरसाइकिल के बीच रखे हरे रंग के बैग से 4 किलो गांजा मिला। पकड़े गए युवकों के नाम नीतेश कुर्रे और रणवीर मारकंडे हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गीतांजली नाम की महिला ने उन्हें गांजा लाने के लिए 20 हजार रुपए दिए थे।

## महिलाओं के सशक्ती करण के लिए विष्णुदेव सरकार कार्य कर रही - शिवरतन शर्मा

### सीतापार में 10 लाख रूपये की लागत से रोड निर्माण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र के गांव सीतापार में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने लगभग 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया उक्त अवसर पर उन्होने उपस्थित ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि गाँव-गाँव में विकास कार्यों को पहुंचाने और डबल इंजन भाजपा सरकार की जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। शिवरतन शर्मा ने कहा की नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में सतत विकास कार्य किये जा रहे हैं शर्मा ने आगे कहा की गांवों के विकास से ही राज्य की प्रगति संभव है। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने,महिलाओं को सशक्त करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। शिवरतन शर्मा ने सावन माह के पवित्र अवसर पर ग्राम के शिव मंदिर में भगवान ज़ेलेनाथ के दर्शन कर सभी की सुख समृद्धि की कामना की और एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पौधा रोपण भी किया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष सिमगा चंद्रमणी तिवारी, जिलापंचायत सभापति श्रीमती दीप्ती गोविन्द वर्मा,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सरपंच श्रीमती कुंती अखबर साहू, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग जर्जर अनेक वाहन फंस रहें हैं, कई दुर्घटना के शिकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बलौदाबाजार 24 किलोमीटर मुख्य मार्ग की दशा निरंतर बद से बदतर हालत में पहुचने के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा सडक मार्ग की दुर्दशा सुधारने ध्यान नही दिया जा रहा है जबकि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हुए कडार व निपनिया के ज़ेट मुलाकात नामक सभा में सार्वजनिक तौर पर भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग को उन्नत करते हुए मजबूत बनाये जाने की घोषणा की थी उसके बाद भाजपा शासनकाल में भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग को रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे से जोडते हुए इस मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग बनाये जाने की घोषणा की गई लेकिन अभी तक इस दिशा मे कोई काम प्रारंभ नही होने से सडक पर जगह जगह गडडे हो गये है जिसके कारण साल दर साल अनके लोग सडक दुर्घटना में दुर्घटना के शिकार होकर अपनी जान गवा रहे है वही अनेक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है यह विदित रहे कि इस मार्ग से अनेक सीमेंट संयंत्रो के वाहन हजारो की तादाद में दौड रहे है वही विभिन्न स्कूली बसो में छोटे छोटे बच्चे अध्ययन करने अंबुजा स्कूल व डीपीएस स्कूल खम्हरिया आते जाते है उन्हे परेशानियो से जुझना पड रहा है इसी मार्ग पर ग्राम अर्जुनी से ग्राम टोनाटार तक की सडक भी जर्जर हालत मे है उक्त गांव की सडक पर जानलेवा गडढा होने से अनेक लोग गिरकर चोटील हो चुके है इस मार्ग पर गत दिनो एक एम्बुलेस दुर्घटना का शिकार हो चुकी है जिसे ग्रामीणो की मदद से निकाला गया इस तरह सम्पूर्ण क्षेत्र की सडक जर्जर होने से आये दिन हादसा व वाहन फ सने की घटना रोज की समस्या बन गयी है जनहित में भाटापारा बलौदाबाजार अर्जुनी टोनाटार मार्ग का सुधार व मरम्मत के साथ साथ नेशनल हाईवे की तरह मजबूत सडक बनाने के कार्य को प्राथमिकता से प्रारंभ किया जाना चाहिए।

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत विधायक इंद्र साव ने किया पौधा रोपण



**भाटापारा।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विधान सभा कार्यवाही के पश्चात विधायक इंद्र साव ने भी एक पौधा रोपण करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बताया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के पश्चात विधायक इंद्र साव ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। विधायक श्री साव ने चर्चा में कहा कि प्रकृति की सुंदरता और भविष्य को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को ना केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रकृति जीवन देने के साथ साथ बिना किसी स्वार्थ के अपनापन भी देती हैं । पौधा रोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ ताजी हवा और स्वस्थ वातावरण मिलता है। इस दौरान सभी विधायकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेकर नए विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया।

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत ग्रामवासी द्वारा वृक्षारोपण




**भाटापारा।** ग्राम पंचायत माचाभाट के प्राथमिक शाला स्कूल एवं गांव मे वृक्षारोपण किया गया । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया है । एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम सफल बनाने में जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सरपंच परमेश्वर यदु , उपसरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर शर्मा , पंच प्रतिनिधि दीपक बंजारे, शोभा घितोड़े, लोकेश यदु , धनीराम ध्रुव, ईश्वर जोशी एवं ग्राम वासी श्री जितेंद्र शर्मा , श्री रामनारायण यदु , शोभित यदु, विद्यालय के प्रधान पाठिका हेमलता साहू शिक्षक धर्मेन्द्र यादव सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थिति थे।

## शंकराचार्य विद्यापीठ में ग्रीन डे पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शंकराचार्य विद्यापीठ, ढाबाडीह में ग्रीन डे के अवसर पर एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री मनोज गुप्ता ने स्वयं पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की और छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों हाउस के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार और छायादार पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान बच्चों में गहरी उत्सुकता और ऊर्जा देखने को मिली। गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, प्रकृति हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## भाटापारा पालिका क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए कार्य किये जा रहे हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय पालिका प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र में भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के अंतर्गत पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की गई है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में कुँए एवं तालाब के सुधार कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई है यह कार्य न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए स्वच्छ और सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होगा जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में चलाए जा रहे इस जन-जागरण अभियान का उद्देश्य भू-जल स्तर में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आगामी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल भविष्य का निर्माण करना है। पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन से न केवल वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय जल संकट की समस्याओं का समाधान भी साकार रूप लेगा। इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि जल ही जीवन का मंत्र वास्तव में जन-जीवन का आधार बन सके।

## एक पेड़ मां के नाम गोपाल शुक्ला ने रोहरा विद्यालय में किया वृक्षारोपण



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत रोहरा के शासकीय विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में फलदार व छायादार पौधा रोपण किया गया । जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला ने सौंदर्यीकरण स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया । अतिथी ने स्कूल व्यवस्था को लेकर सक्रिय रहने की बात कही तथा जनप्रतिनिधि विनोद मिश्रा ने रोहरा प्रमुख ग्रुप के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण करतें हुए गांव में हरे भरे पौधे पेड़ों को न काटने का संदेश दिया एवं आस पास वातावरण को खुशनुमा बनाये रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान सुचारू रूप से चलाये जाने की अपील किया । उक्त कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जन प्रतिनिधि विनोद मिश्रा, रामकरण यदु, प्रधान पाठक लखन लाल साहू, संतोष कुमार मिश्र ,उर्वशी डहरिया ,नागेन्द्र गोस्वामी ,शैल सैनिक सुनील कुमार लहरी, बिरेन्द्र कुमार लहरी, ओम प्रकाश लहरी ,दुर्गेश यदु , कुंती ध्रुव, रोशनी साहु ,चंद्रप्रभा साहु, दिप्ती ठाकुर, सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गुरू पूर्णिमा पर आशीर्वाद लेने दामाखेड़ा पहुंचे शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा पहुंच डॉ.भानु प्रताप साहेब से उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सौजन्य भेंट कर अमूल्य आशीर्वाद प्राप्त किया। शिवरतन शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बधाई शुभकामनायें देते हुए,कहा कि गुरु का मार्गदर्शन ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। संत परंपरा और कबीर पंथ के विचार हम सभी को सत्य, प्रेम और सद्भावना के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की



महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य का संबंध शिक्षा-दीक्षा के साथ ही आजीवन मार्गदर्शन का माध्यम भी रहा है। हमारे इतिहास में गुरुओं ने सदैव शिष्यों में नैतिक मूल्य, ज्ञान, आचरण, संस्कृति तथा मातृभूमि के प्रति निष्ठा का भाव जगाने का कार्य किया है। डॉ.भानु प्रताप साहेब से भेंट के अवसर पर चन्द्रमणी तिवारी एवं भाजयुमो सिमगा कमलेश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत महापुराण के तृतीय दिवस प्रह्लाद चरित्र और गजेंद्र मोक्ष की कथा में श्रद्धालु हुए तल्लीन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस की कथा में कथावाचिका सुश्री विद्या दुबे ने भगवद्भक्ति की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान अपने भक्त के प्रेम में बंध जाते हैं और समय आने पर स्वयं उसकी रक्षा करते हैं।श्रावण के पवित्र मास में जनकल्याण की भावना से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि के लिये श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा आयोजित कथा के प्रसंग में प्रह्लाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि असुरराज हिरण्यकश्यप का पुत्र होकर भी प्रह्लाद बचपन से ही भगवद्भक्ति में लीन था। पिता ने अनेक बार उसे भगवान विष्णु की भक्ति से रोकने का प्रयास किया परंतु प्रह्लाद अडिग रहा। अंततः जब हिरण्यकश्यप ने उसे मारने का प्रयास किया तब भगवान ने नृसिंह अवतार लेकर अपने भक्त की रक्षा की और अधर्मी का विनाश किया। इस प्रसंग ने पंडाल में उपस्थित भक्तों को भक्तिभाव से अभिभूत कर दिया।



इसके पश्चात गजेंद्र मोक्ष की करुणामयी कथा में सुश्री विद्या दुबे ने बताया कि गजेंद्र जब मगर के चंगुल में फँस गया तब उसने अंतिम आशा से भगवान को करूण पुकार लगाई। भगवान श्रीहरि ने तुरंत पहुंचकर गजेंद्र का उद्धार किया। यह कथा दर्शाती है कि भगवान अपने शरणागत भक्त की पुकार कभी व्यर्थ नहीं जाने देते।

कथा के अंत में सुश्री दुबे ने कहा अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥" अर्थात् जो मनुष्य निरंतर मेरे चिंतन और भजन में लगे रहते हैं, उनके योग और क्षेम का वहन मैं स्वयं करता हूँ।

भगवान का नाम मंगलकारी है तथा समस्त पापों का नाश करने वाला है। भगवान का नाम भगवान से भी बड़ा है। भगवन्नाम ने भगवान से भी अधिक लोगों को तारा है। गृहस्थ जीवन में भक्ति का मार्ग अपनाने वाले दंपतियों के कुल में भगवान के भक्तों का जन्म होता है। एक भक्त अपनी अनेक पीढ़ियों को तार देता है इसलिये बचपन से ही संतानों को संस्कार दिया जाना चाहिये। तीसरे दिवस की भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य यजमान शिवेंद्र बिंदल सहपत्नी प्रीति बिंदल, महंत बसंतबिहारीदास जी, पं. ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, हरिशरण क्षत्रिय, उमा ठाकुर, मुकेश सिंघानिया, प्रदीप निर्मलकर, गौतम केडिया, टहलराम साहू, बलदेव जोशी, विक्रमदास वैष्णव, धनु यादव, गिरधारी निर्मलकर, संतोष अग्रवाल, तोषू वर्मा उपस्थित रहे और भावपूर्ण आरती के साथ कथा का समापन हुआ।

# एसपी भावना गुप्ता ने हेलमेट पहनकर जागरूकता रैली की अगुवाई की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भाटापारा शहर में हेलमेट पहनकर स्वयं निकाली यातायात जागरूक्ता रैली उक्त कार्यक्रम में उन्होने दुपहिया वाहन चालको को वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने की अपील की इस दौरान भावना गुप्ता ने अनेक लोगो को हेलमेट भी वितरित किया साथ ही यातायात के नियमो का पुरी तरह पालन करने उन्होने लोगो से अपील की अस्पताल चौक में हेलमेट नही पहनने व यातायात नियमो को उलंघन करने वाले 11 वाहन चालको का चालान भी किया गया । इस दरमियान उन्होने सडक सुरक्षा को लेकर संदेश दिये मुख्य मार्गो में जागरूक्ता रैली के साथ स्कूटी चलाकर महिलाओ को जागरूक किया एसपी भावना गुप्ता ने स्वयं वाहन चालको को रोक कर एक जागरूक पहल करते हुए यातायात नियमो का पालन करने का सुझाव दिया उन्होने कहा कि हेलमेट पहनना सिर्फ कानून नही है बल्कि जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच है और इससे जिन्दगी बचाई जा सकती है किसी भी कानून के पालन सिर्फ नियमो से नही हो सकती इसके लिए नागरिको को भी जागरूक होने की आवशक्ता है इस दौरान उन्होने पत्रकारो से भी सार्थक चर्चा की एवं आपसी समजस्य के साथ जनता के लिए कार्य करने की मंशा जताई।





# रेल प्रशासन द्वारा कुछ ट्रेनों को फिर रद्द किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल के उरकुरा व सरोना रेल्वे स्टेशन के बीच बाईपास डबल रेल लाईन सेक्शन में आटोमेटिक सिंगनलिंग कार्य होने के कारण रेल प्रशासन द्वारा कुछ लोकल व पैसेजर ट्रेन को रद्व किया गया है जिसके तहत 19 जुलाई दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 68727 बिलासपुर रायपुर लोकल पैसेजर को रद्व किया गया है इसी प्रकार ट्रेन कंम्रांक 68719 बिलासपुर रायपुर पैसेजर को भी रद्व किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रंमाक 68861 गोदियां झारसुगुंडा जेडी पैसेजर तथा 68862 झारसुगुडा गोदिया जेडी पैसेजर ट्रेन को 19 जुलाई को बिलासपुर में ही समाप्त किया जायेगा और बिलासपुर से ही शुरू की जायेगी ।



# भाटापारा क्षेत्र में बारिश के बावजूद पर्याप्त रेत मिल रहा है लेकिन रेत के भाव ने बारिश में लोगों के पसीने छुड़ा दिये हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में हो रही बरसात के बाद बिल्डींग मटेरियल सामग्री के भाव आसमान छुने लगे है खासकर नदी से निकलने वाली रेत के भाव में बहुत बडा उछाल आ गया है फ लस्वरूप बरसात के पहले नदी के रेत का अंधाधुध अवैध संग्रहण करने वाले बरसात मे रेती बेचकर मालामाल हो रहे है वर्तमान मे एक ट्राली रेती को 34 सौ रूपये से लेकर 35 सौ रूपये तक बेचा जा रहा है शहर के चारो दिशाओ के गांवो मे बरसात के पूर्व निकाले गये नदी के रेत का अथाह संग्रह खुले मैदान में तथा बंजर खेत भाटा में संग्रहित कर रेत विक्रेता बारिश का ही इंतजार कर रहे थे क्योकि बारिश मे रेत के भाव मुह मांगी कीमत पर बाजार मे मिल जाता है शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनो सैकडो की संख्या में भवन मकान दुकान शापिंग काम्पलेक्स व नाली निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है निर्माण कार्य में सीमेन्ट गिटटी के साथ रेती की अनिवार्यता को देखते हुए लोग मजबूरी में उचे भाव के ट्रेक्टर ट्राली वाले रेत को खरीद रहे है ओर तो और हाईवा मे भारी रेत 22 हजार रूपये के भाव से बेचा जा रहा है इसी तरह बारिश मे खदानो में पानी भर जाने के कारण मुरूम व गिटटी के भाव भी बढा दिये गये है लोगो को मिटटी मुरूम व गिटटी भी महंगे दाम पर खरीदना पड रहा है बिल्डींग मटेरियल के अलावा बरसात में ईट के भाव भी मनमानी रूप से बढा कर ईट भटटा संचालक बेच रहे है वर्तमान में भाटापारा शहर क्षेत्र में प्रति ट्राली ईट साढे तेरह हजार रूपये से लेकर 14 हजार रूपये तक बेचे जा रहे है फलस्वरूप प्रधान मंत्री आवास से लेकर अन्य व्यक्ति जो निजी तौर पर अपने मकान दुकान व शपिंग काम्पलेक्स निर्माण कर रहे है उन्हे तमाम बिल्डिंग मटेरियल जिसमे गिटटी मिटटी मुरूम रेत ईट शामिल है वे सभी मंहगे दाम मे खरीदना पड रहा है खासकर रेत संग्रहण करने वाले बरसात मे अधिक मुनाफा अर्जित कर रहे है भाटापारा क्षेत्र में सैकडो डम्फ र व ट्राली रेत संगहित कर रखे गये है जिसके कारण लोगो को आसानी से रेत मिल जरूर रहा है लेकिन रेत के बढे हुए भाव में रेत खरीददारो को बरसात मे भी पसीना छुडवा दिये है ।

# जब आये संतोष धन, सब धन धूलि समान - विद्या दुबे







ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** जीव को संतोषी होना चाहिये संतोष धन ही सबसे बड़ा धन है। लोभ की प्रवृत्ति सुरसा के मुँह की भाँति होती है। जीव को यह विचारकर संतोषी होना चाहिये कि भगवान ने हमें जो दिया है पर्याप्त है। नगर के जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस सुश्री विद्या दुबे ने हिरण्याक्ष के प्रसंग में कहा कि हिरण्याक्ष लोभ का प्रतीक है जो नित्य बढ़ता है। पराये धन, परायी स्त्री पर कभी कुदृष्टि नहीं डालनी चाहिये। गौ माता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि गौ पूजा से तैंतीस करोड़ देवी - देवताओं के पूजन का फल मिलता है। लेकिन दुर्भाग्य है कि गौ माता सड़क में ठोकर खाते हुये भटक रही है वहीं घर में कुत्ता पालने का शौक बढ़ रहा है। लोगों को गोबर उठाने में शर्मिंदगी महसूस होती है और कुत्ते की सेवा करने में ठाठ का अनुभव करते हैं। गाय को घर से बाहर कर दिया गया है और कुत्ते को बाहर से शान से अंदर रखा जा रहा है। गोचर भूमि पर कब्जा करने वालों को पापी बताते हुये कहा कि गौ माता के हिस्से पर अतिक्रमण करने वाला मनुष्य अधोगामी है। सुश्री दुबे ने मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुये कहा कि यह दुर्लभ चोला बार - बार नहीं मिलेगा। भगवान ने जीव पर बड़ी कृपा कर मानव शरीर प्रदान किया है ताकि वह सद्कर्म करते हुये अपना कल्याण कर सके। इस तन से ही भगवान तक पहुँचा जा सकता है। माता अनुसूया के प्रसंग में कहा कि माँ - बाप बड़े लाड प्यार से अपनी संतानों की परवरिश करते हैं लेकिन कई लोग शादी के बाद पत्नी के अधीन होकर माता - पिता से दूरी बना लेते हैं यह स्थिति माता - पिता के लिये अत्यंत पीड़ादायक होती है। माता - पिता को कभी दुखी नहीं करना चाहिये। भगवान शंकर और माता सती के कथा सुनने ऋषि अगस्त के आश्रम आने के प्रसंग में कहा भगवान की कथा श्रवण करने, तीर्थयात्रा, पूजा - अनुष्ठान आदि में पति पत्नी को साथ जाना चाहिये। सुश्री विद्या दुबे ने कहा यह संसार मिथ्या है केवल भगवान ही सत्य हैं। जिसके जीवन में दया, धर्म, सत्य, करूणा, प्रेम नहीं है वह पशुवत है। ऐसे जीवों का जीवन धिक्कार है।

### खाद्य विभाग की अवैध घरेलु गैस सिलेंडर पर बड़ी कार्रवाई

# 1619 नग गैस सिलेंडर जब्त

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण व विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानो में दबिश देकर भरे हुए 41 नग एवं 1578 खाली घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण कर अधिक दाम में विक्रय करने के संबंध में लगातार शिकायते प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हीरा सेल्स (हीरा किचन) से 02 भरे हुए एवं 03 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, तथा अवैध रूप से रखे हुए 19 नग उपभोक्ता गैस कार्ड, 04 नग सबकिप्सन वाउचर तथा 20 नग प्रेशर गैस रेगुलेटर का जब्त किया गया है एवं बम्लेश्वरी गैस एजेंसी बलौदाबाजार के विरूद्ध उपभोक्ताओं से गैस सिलेण्डर डिलिवरी एवं उपलब्धता के संबंध में नियमित शिकायत प्राप्त हो रही थी। बम्लेश्वरी गैस एजेंसी के जांच में अनियमितता पाये जाने पर भरे हुए 39 नग



घरेलू गैस सिलेण्डर, 1575 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर को जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई।

कार्रवाई के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी विजय कुमार किरण, लक्ष्मण कश्यप, खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू एवं बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल उपस्थित थे।





# सच्ची लगन, श्रद्धा और तप होने पर भगवान स्वयं आकर दर्शन देते हैं - सुश्री विद्या दुबे

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिवस की कथा का शुभारंभ भगवान कृष्ण के षोडशोपचार पूजन से हुआ जिसमें महंत बसंतबिहारी दास, शिवेंद्र बिंदल, प्रीति बिंदल, अनिल सिंघानिया प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। कथावाचिका सुश्री विद्या दुबे ने मधुर संकीर्तन के साथ कथा का श्रीगणेश किया पश्चात् अंत तक कथा में भक्तिरस प्रवाह कर श्रोताओं को कथा से जोड़े रखा। उन्होंने भगवान के सत्य स्वरूप की वंदना करते हुए कहा सत्यम परम धीमहि अर्थात भगवान ही परम सत्य है।

दूसरे दिवस की कथा में कपिल उपाख्यान के माध्यम से भक्तों को सांख्य योग का ज्ञान प्रदान किया जिसमें कपिल मुनि ने माता देवहूति को आत्मा, प्रकृति और पुरुष के भेद का विस्तारपूर्वक विवेचन किया। साथ ही खगोल एवं भूगोल का अद्भुत वर्णन करते हुए सुश्री विद्या ने ब्रह्मांड की रचना, लोकों की व्यवस्था, सूर्य, चंद्र, नक्षत्रों की गति तथा भू-मंडल के विविध द्वीपों और समुद्रों की कथा सुनाई। इसके पश्चात सुश्री विद्या दुबे जी ने ध्रुव चरित्र का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे पाँच वर्ष का बालक ध्रुव जब अपनी सौतेली माँ से तिरस्कार पाकर वन में तपस्या हेतु गया तो नारद जी के मार्गदर्शन में उसने कठिन तप किया। अंततः भगवान विष्णु



ने प्रकट होकर उसे दर्शन दिए और अमर ध्रुव पद प्रदान किया। यह कथा हमें सिखाती है कि सच्ची लगन, श्रद्धा और तप से भगवान प्रसन्न होकर दर्शन देते हैं। दीदी ने कहा सौ काम छोड़कर भोजन, हजार काम छोड़कर स्नान, लाख काम छोड़कर दान तथा करोड़ काम छोड़कर हरि नाम सुमिरन करना चाहिये। भगवान के अवतार के संबंध में बताया कि जब - जब पृथ्वी पर पाप बढ़ जाता है तब - तब इसका भार उतारने श्री हरि अवतार लेते हैं। गौ - ब्राह्मण की रक्षा करते हैं और भक्तों को सुख प्रदान करते हैं। हिरण्याक्ष को धन लिप्सा का प्रतीक बताते हुये कहा जो पराये धन, स्त्री, जमीन पर बुरी नजर रखता है उसका सर्वनाश हो जाता है। हमें माता - पिता, गुरू एवं अन्य बड़ों का नित्य आशीर्वाद लेना चाहिये। इनके आशीर्वाद से आयु, विद्या, यश, बल बढ़ते हैं। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुजन कथा श्रवण में पूर्ण तन्मय थे। अंत में आरती के साथ आज की कथा सम्पन्न हुई।

# शराब घोटाला-5 दिन की ईडी रिमांड पर चैतन्य बघेल

## छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बोले-मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक यह गिरफ्तारी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। ED ने चैतन्य बघेल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक ED की 5 दिन की रिमांड पर भेजा है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे।



इसके पहले भूपेश बघेल ने X पर पोस्ट कर लिखा- ED आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में साहेब ने ED भेज दी है। विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ED को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ED को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ED को भेजा गया है। जानिए क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ED जांच कर रही है। ED ने ACB में FIR दर्ज कराई है। दर्ज FIR में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ED ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में IAS अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी AP त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था

# भगवत उत्सव से बढ़कर भी गुरू उत्सव - श्री पाराशर



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** गुरूपूर्णिमा पर्व पर सद्गुरूदेव श्री संतोषीलाल पाराशर का शिष्य समुदाय द्वारा श्रद्धापूर्वक पूजन किया गया। गुरूजी का पाद प्रच्छालन कर तिलक वंदन किया गया उनकी पूजा आरती की गयी। बड़ी संख्या में आये शिष्य समुदाय तथा श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ अपना आदर, सत्कार, भेंट समर्पित किया। भण्डारा प्रसादी भी हुयी। गुरुजी ने सभी भक्तों पर स्नेह, करूणा बरसाते हुये उन्हें आशीष प्रदान किया। गुरूजी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भगवान ने बड़ी कृपा कर हमें मानव देह प्रदान की है अन्यथा किसी अन्य योनी में भेज देते तो क्या हम भगवान का गुणगान कर पाते। भगवान की अहैतु की कृपा है कि उन्होंने हमें मानव बनाकर भगवान की आराधना का अनुपम अवसर प्रदान किया। श्री पाराशर ने कहा भगवान कहते हैं मुझसे भी अधिक गुरू को मानो। भगवान के उत्सव से भी बड़ा उत्सव गुरू का करो। मानव जीवन को सफल बनाने हमेशा भगवन्नाम में लीन रहें। उठते - बैठते, खाते - पीते, चलते - फिरते, सोते - जागते भगवन्नाम का स्मरण करते रहें। भगवान का नाम मंगलकारी है। भक्तों का हमेशा मंगल होता है। भगवान नाम भजने वाले भक्त भगवान के प्रिय हो जाते हैं वे ऐसे भक्त की रक्षा करने हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे प्यारे - न्यारे भक्त को वे गोद में बैठाने लालायित रहते हैं। ऐसे भक्तों के जीवन में आने वाली बाधा, संकट से रक्षा करते हैं। जीव माया के वशीभूत हो संसार को अपना मान बैठता है। भगवान कहते हैं मैं तुम्हारी सहायता तब करूँगा जब तुम मुझे पुकारोगे। तुम मुझे भूल जाओगे तो मैं भी तुम्हे भूल जाऊंगा। इस अवसर पर नगर सहित सक्ती, चाँपा, बिलासपुर, रायपुर के भक्तगण भी आयोजन में शामिल हुये।

### थानखम्हरिया में मोबाइल दुकानदारों का सामूहिक निर्णय

# अब हर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर पंचायत थानखम्हरिया में संचालित समस्त मोबाइल दुकानदारों ने व्यवसायिक एकता और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सभी दुकानदारों ने एकमत होकर यह तय किया कि प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक अवकाश रखा जाएगा। इस सामूहिक निर्णय के तहत सभी मोबाइल दुकानों ने इस सोमवार को पहली बार अपनी दुकानें बंद रखकर इसे लागू किया, जिससे नगर में व्यापारिक अनुशासन और आपसी सहयोग की मिसाल देखने को मिली। मोबाइल विक्रेताओं का कहना है कि यह कदम न केवल व्यक्तिगत विश्राम के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे व्यवसाय में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। इस पहल को स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल द्वारा भी सराहना मिल रही है।

# कोसमंदा में शिक्षकों की कमी पर छात्राओं ने किया चक्का जाम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोसमंदा के छात्र छात्राओ ने मोंपका से भाटापारा मार्ग पर चक्का जाम किया छात्र छात्राओ ने शिक्षको की कमी को पूरा करने की मांग रखी है अधिकारियो की समझाईस पर छात्र छात्राओ ने चक्का जाम समाप्त किया

ग्राम कोसमंदा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिन्दी माध्यम स्थित है आज प्रातः कक्षा 9 वी से लेकर 11 वी तक के विद्यार्थी चक्का जाम करते हुये सडक पर बैठ गये विद्यार्थियो ने भौतिक शास्त्र गणित एवं समाजिक विज्ञान के शिक्षको की कमी को पूरा करने की मांग रखी काफ ी देर चक्का जाम से



दोनो ओर गाडियो की कतार लग गयी छात्राओ ने मोर्चा संभालते हुये मांग पूरी करने की प्रशासन से मांग रखी चक्का जाम की सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना की पुलिस विकास खेड शिक्षा अधिकारी श्रीपाल मौके पर पहुच गये और छात्र छात्राओ को समझाईस देते हुये जल्द ही शिक्षको की कमी को पूर्ण करने का आश्वासन दिये इस संदर्भ में विकासखंड शिक्षाधिकारी श्री राम जी पाल ने बताया कि चक्का जाम की सूचना कार्यालय में नही दी गई थी इसके पूर्व ही शिक्षको की कमी को पूरा करने केलिए एक प्रतिवेदन राज्य शासन को भेजा गया है चूकि उक्त पद स्थापना राज्य शासन द्वारा किया जाना है इसलिए उक्त आदेश की प्रतिक्षा की जा रही है वर्तमान में छात्रो की मांग पर अस्थायी रूप से जल्द ही शिक्षक की नियुक्ति उक्त स्कूल में की जायेगी छात्र छात्राओ की मांग को प्रमुखता से लेते हुए जो भी आवश्यक कदम होगा उसे पूरा किया जायेगा

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शिवरतन शर्मा ने पौधा रोपण किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वन मंडल द्वारा ग्राम कोसमंदा में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सहाभागिता कर पौधा रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। उक्त अवसर पर शर्मा ने कहा कि पौधा रोपण केवल पर्यावरण को हरा-भरा करने का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती माँ के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक और भावी पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है। इस सार्थक पहल के माध्यम से हरियाली को समर्पित एकजुट प्रयास किया, जो जलवायु संतुलन और जैव विविधता को सहेजने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम अभियान इसलिए कहा गया कि पेड़ से हम जुड़ पाएं। सबसे पवित्र रिश्ता मां का होता है। मां के लिए इससे बड़ा सम्मान और कुछ नहीं हो सकता। मां के सम्मान में यह आज हम सब पेड़ लगा रहे हैं। जितना सम्मान मां का होता है उतना ही सम्मान पेड़ का भी होता है। वृक्षों से ही धरती माता का श्रृंगार होता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुखद और स्वस्थ हो, इसके लिए पौधे लगाना जरूरी है। पौधों को लगाने के साथ साथ उनकी देखरेख भी जरूरी है। शिवरतन शर्मा ने घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की बात कही। शर्मा ने कहा कि प्रकृति और समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। यह हमारा भी कर्तव्य है कि हम भी प्रकृति और समाज के लिए अपना योगदान दें.इस अवसर पर राकेश तिवारी मथुरा यदु महेश वर्मा, राजेश पटेल, चेतन वर्मा सहित ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे ।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर खुले आम जुआ खेल रहे 7 जुआड़ी पकड़े गये

**भाटापारा।** क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा असामाजिक गतिविधियो में लिप्त लोगो के विरूध चालाये जा रहे धर पकड अभियान में पुलिस ने ग्राम खोखली - सेमरिया गांव के मार्ग पर खुलेआम जुआ खेल रहें जुआरियो को पकडा है पकडे गये जुआरियो से ताश के बावन पत्ते व 46 सौ रूपये नगद बरामद किया गया है पकडे गये जुआरियो के विरूध छत्तीसगढ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 3 /2/ के तहत पंजीबद्व किया गया है पकडे गये जुआरियो में धनराज हबलानी प्रहलाद यदु देवराज यदु आनंद यादव नासिर खान सतीश साहू अमित जांगडे शामिल है



### धौराभाटा में डायरिया का प्रकोप पीढ़ितों को नही मिल रहा है समुचित उपचार - सुशील

**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने ग्राम धौराभाटा में डायरिया पीढित मरीजो से ज़ेट मुलाकात कर बताया कि शासकीय अस्पताल मे पर्याप्त सुविधा नही मिलने के कारण डायरिया मरीज के परिजन उचित ईलाज के लिए निजी अस्पतालो मे जाने मजबूर हो रहे है फलस्वरूप ग्रामीणो को आर्थिक संकटो से जुझना पड रहा है स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में ठोस कार्यवाही शीघ्र करे सुशील शर्मा के साथ सचिन शर्मा शीतल वर्मा श्रवण वर्मा संतोष ध्रुव जेलू वर्मा शिव ध्रुव रवि ध्रुव व अन्य लोग उपस्थित थे



### अधेड़ ने पंखे से लटककर आत्माहत्या कर लिया

भाटापारा। शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवाकांत द्विवेदी नामक 40 वर्षीय गुरूनानक वार्ड निवासी अधेड ने अपने निवास पर पंखे के सहारे लटक कर जान गंवा दी परिजन के सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



# भाजपा नेताओं ने थाना पहुंचकर दीपक बैज के विरूद्व कार्यवाही की मांग की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाजपा विधानसभा के शहर मंडल, ग्रामीण मंडल व निपनिया मंडल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ जग खरीदी को लेकर झूठ बोलकर प्रदेश में भ्रम फैलाने के लिए विधि समत कानूनी कारवाई करने की मांग की है। भाजपा नेताओ ने कहा है कि दीपक बैज ने 15 और 16 जुलाई को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वाटर जग की खरीदी के नाम पर भ्रामक जानकारी फैलाई। मुख्यमंत्री के चेहरे को धूमिल करने का प्रयास साथ ही कांग्रेस द्वारा अपने सोशल मीडिया पोस्ट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वाटर जग के नाम पर न ही कोई खरीदी हुई और न ही कोई भुगतान हुआ है। इधर प्रदेश कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री साय के लिए जनजातीय सीएम का कमीशन शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से गलत है। उक्त अवसर पर थाना में योगेश अनंत, पवन वर्मा मथुरा यदु निपनिया मंडल सुनील यदु, महाबल बघेल, मोहन बांधे, अविनाश शर्मा, गोपाल देवांगन, उमाशंकर वर्मा, ठाकुर राम साहू, आशीष टोडर, पीलू वर्मा, राजेश पटेल, बृजेश निषाद सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# भागवत कथा के श्रवण से मन पवित्र होता है - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भागवत कथा के श्रवण से मन निर्मल व पवित्र होता है और हृदय में आध्यात्मिक जागृति का संचार होता है भगवान के प्रति श्रद्धा भक्ति और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढता है कथा में वर्णित आदर्श चरित्र और गहण दर्शानिक संदेश हमे सत्कर्मो की ओर प्रेरित करतें है एवं समाज सेवा की भावना जगाते है उक्ताशय के विचार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपका में आयोजित संतोष वैष्णव के निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह के अवसर पर व्यक्त किये व्यास पीठ पर बैठे भागवताचार्य से आर्शीवाद प्राप्त क र सभी के सुख समृद्धि व मंगल की कामना की उक्त अवसर पर बडी संख्या में ग्रामवासी व अन्य राजनीतिक नेता उपस्थित थे ।



# कॉलेज में समस्या, प्राचार्य पर ज्ञापन न लेने का आरोप

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कॉलेज पाटन में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए पाटन एनएसयूआई के छात्र नेताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। लेकिन कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से मना कर दिया, जिससे नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी दी।

एनएसयूआई अध्यक्ष युवराज साहू ने बताया कि कॉलेज जनभागीदारी समिति ने शुल्क में 100 रुपए की वृद्धि की है। जबकि कॉलेज प्रबंधन के पास लाखों रुपए पहले से है, जिन्हें खर्च नहीं कर पा रहे हैं। छात्र नेता उमाशंकर निर्मलकर ने बताया कि 1 जुलाई से अध्यापन शुरू करने का आदेश उच्च शिक्षा विभाग से दिया गया है, लेकिन आज-तक पाटन कालेज में संचालित स्नातकोत्तर एमए और एमएससी तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश के लिए सूचना नहीं निकाली गई है, जिससे कोर्स पूरा होने से पिछड़ रहा है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने और कई आरोप लगाए। इस अवसर पर डेविड बघेल, इकेश वर्मा, पंकज यादव, विकास साहू, शिवम यादव, निक्की वर्मा, याशु देवांगन, साहिल छेदैया, सोनू ओझा, देवेंद्र यदु, हर्ष चंद्राकर मौजूद थे। इधर प्राचार्य नंदा गुरुवारा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाई हो रही है। जिसके लिए हमें टीचर की जरूरत है। इसलिए जनभागीदारी की बैठक में शुल्क बढ़ाने पर सहमति बनी है। पहले साढ़े 6 सौ था उसे 6 सौ ही लिया जा रहा है। वैसे मांग को जनभागीदारी समिति की बैठक में रखा जाएगी।



# बिजली दर में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसी उतरे सड़क पर किया घेराव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाजपा समर्थित राज्य शासन द्वारा बिजली बिल की दरों में बेतहाशा वृद्धि करने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर भाटापारा में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन एवं अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग का घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने शुक्रवार दिनांक 11 जुलाई को सभी श्रेणियां के उपजेक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई है जिससे आम जनता एवं किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पूर्व में निर्धारित दरों को पुनः लागू करने के लिए राज्यपाल के




नाम छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा की पूरे देश में सबसे ज्यादा बिजली का उत्पादन छत्तीसगढ़ में होने के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य में बिजली की कटौती और बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय है जल जंगल कोयला छत्तीसगढ़ का और छत्तीसगढ़ की जनता को ही महंगे दामों में बिजली बेचना और अन्य राज्यों को बिजली देना छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय है कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ की जनता के साथ होने वाले अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।हमारे जनप्रतिनिधि विधानसभा में जनता के मुद्दों को उठा रहे हैं और कांग्रेस संगठन आम जनता के बीच जमीनी स्तर पर जनहित के मुद्दों पर लड़ाई जारी रखेगी।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने किया कार्यक्रम को शहर कांग्रेस प्रभारी प्रभाकर मिश्रा ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी संतोष तिवारी सुशील शर्मा पूर्व मंडी अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सुनील महेश्वरी कुबेर यदु राजकुमार शर्मा दिवाकर मिश्रा भरत वर्मा आलोक मिश्रा रोशन हबलानी वैभव केशरवानी चंद्रशेखर चक्रधारी अजय ठाकुर आदि ने संबोधित किया सभी वक्ताओं ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों बिजली बिल की बढ़ोतरी का जमकर विरोध किया धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम में ईश्वर सिंह ठाकुर गौरी भृगु आशा ध्रुव अभिनव यदु परमेश्वर वर्मा मोहन केसरवानी गेंदराम साहू नरेंद्र यदु नितिन शुक्ला दीपक टिकरिहा जीतू शर्मा पुनीत मानिकपुरी आबिद खान धनंजय तिवारी नानू सोनी सीरीज जांगड़े सुंदर साहू दीपक वर्मा मनहरण वर्मा मुकेश साहू नीलकंठ ध्रुव चंद्रकांत साहू मनमोहन कुर्रे मोहन निषाद आकिब मेमन शादाब जलियांवाला शशांक चौबे विवेक यदु अयूब बांठिया शेषनारायण यदु विमल शर्मा विजय निषाद दिनेश यदु कीरत वर्मा महेंद्र वैष्णव महेंद्र साहू रामरतन दांडेकर राजेंद्र शर्मा विजय महिलांगे उदय साहू धनंजय कुर्रे दानी भाट पूणिर्मा श्रीवास विमलेश्वरी ध्रुव राजू रात्रे ओम प्रकाश यदु गिरिराज चावड़ा सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# पाईप लाईन बिछाने ठेकेदार ने तोड़ी सड़क ग्रामीणों में नाराजगी

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत कोलीहा में पेयजल व्यवस्था बनाने को लेकर पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय हैं तो दुसरी तरफ पाईप लाईन बिछाने को लेकर ठेकेदार ने मनमानी तरीके से काकृटी सडक दो साल पहले तोड़ दिया है और अभी तक मरम्मत कार्य पूर्ण नही हो पाया है। तोड़े गड्ढों में बरसात में गन्दगी जमा हो रहा है जिसके कारण गांव वाले लगातार दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं । सरपंच गीता संतोष साहू ने बताया कि सरपंच पद पर पदस्थ होते ही ठेकेदार को मरम्मत करने के लिए अपील किया गया था लेकिन मरम्मत कार्य अभी तक पूर्ण करने में पानी टंकी ठेकेदार असफल रहा है। हर घर नल जल योजना का जायजा लेने शासन प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया अतः सरपंच गीता संतोष साहू



जनपद सदस्य रामजी निषाद ,उपसरपंच लीना ब्रम्हानन्द साहू ,आत्मा राम साहू ,भगवती साहू एवं समस्त पंच गण सहित समस्त ग्रामीण जनो द्वारा शासन प्रशासन से मरम्मत कार्य सफल बनाने की मांग क ी है

# ई रिक्शा चालक खड़ी ट्रक से टकराया उपचार हेतु अस्पताल दाखिल

**भाटापारा।** बीती रात पटपर चौक के पास एक खडी ट्रक पर एक ई रिक्शा चालक जा कर टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर ग्रामीण थाना क ी पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल भाटापारा पहुचाया गया जहां उसका ईलाज जारी है घटना के समय घायल की पहचान नही हो पायी थी पुलिस द्वारा आगामी की कार्यवाही की जा रही है ।



# शहर व ग्रामीण थाना की पुलिस ने अवैध शराब पर की छापामार कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण थाना की पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापामार अभियान चलाया गया।अभियान में सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीने वाले एवं अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई । पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा क्षेत्र अंतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया ।अभियान में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री करने, सार्वजनिक स्थल में शराब पीने वाले एवं अवैध चखना सेंटरों पर एक साथ आकस्मिक दबिश देकर 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । आरोपियों से अलग-अलग मामलों में 14,060 कीमत मूल्य का 50 लीटर महुआ शराब एवं 58 पाव देसी मसाला शराब जब्त किया गया । पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों एवं सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने वाले तथा अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आरोपियों के विरुद्ध अपराध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर



कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों के नाम रवि शंकर पटेल उम्र 29 साल निवासी के.के.वार्ड, खिलावन ध्रुव उम्र 59 साल निवासी नेहरू वार्ड, राजू साहू उम्र 22 साल निवासी नयागंज वार्ड ,सुनील गेण्डरे उम्र 40 साल निवासी महासती वार्ड ,प्रमोद धृतलहरे उम्र 55 साल निवासी महासती वार्ड ,सुधतीन बघेल उम्र 50 साल निवासी महासती वार्ड ,दीनानाथ ढीमर उम्र 50 साल निवासी नयापारा थाना ,नकछेद साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम तरेंगा, चंदन जांगडे 23 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा ,रमेश्वर जांगड़े उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा, आदि है

# तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए युवक ने अपने ही चाचा ससुर को धारदार चाकू से मारकर किया आहत

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**भिलाई नगर** / प्रार्थी सुरेश सेट्टी उम्र 48 साल साकिन रुआबांधा बस्ती द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुबह 11.00 बजे जब वह अपने मामा सीनू कंडरा के घर रुआबांधा बस्ती में बैठकर अन्य लोगों के साथ चर्चा कर रहा था तो उसी समय सीनू कंडरा का दामाद चंदन उड़के आकर कल तेरहवीं कार्यक्रम में तुम लोग मेरे लिये अच्छा व्यवस्था नहीं किये कहकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगा जिसे वहां उपस्थित मूर्ति नामक व्यक्ति के द्वारा मना करने पर आरोपी चंदन उड़के के द्वारा जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से मूर्ति के उपर प्राणधातक हमला करते हुये पेट में चाकु मार दिया । बीच बचाव करने आये अर्जुन के साथ भी आरोपी ने मारपीट किया है। रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध क्रमांक 347/2025 धारा 109, 296, 115(2),351(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपी की पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किया । आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकु विधिवत जप्त किया गया। प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गयी है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।



*** आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार**
*** आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर भेजा गया जेल**

# गेवरा रोड रायपुर लोकल पटरी पर 16 जुलाई से पुन: दौडेगी यात्रियो को राहत

**भाटापारा।** पिछ्ले लगभग 2 वर्षो से बंद पडी रायपुर गेवरा रोड लोकल ट्रेन क्रमांक 68 745 /68746 मेमू लोकल कम पैसेजर ट्रेन को आगामी 16 जुलाई दिन बुधवार से पुनः पटरी पर दौडाने को निर्णय रेल प्रशासन ने लिया है एक लंबे समय से भाटापारा क्षेत्रवासी उक्त लोंकल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ करने का मांग करते आ रहे थे क्योकि उक्त लोकल ट्रेंन से भाटापारा रेल्वे स्टेशन के तमाम यात्री प्रातः 9 बजकर 50 मिनट से ट्रेन में बैठकर सुगमता पूर्वक उक्त ट्रेन से रायपुर पहुच जाया करते थे वही वापसी में उक्त ट्रेन दोपहर 01 बजकर 50 मिनट पर रायपुर से गेवरारोड कोरबा की ओर जाने वाले रेल यात्रियो के लिए बेहतरीन सुविधा वाली ट्रेनथी कोरोना काल के दौरान से उपरोक्त लोकल ट्रेन को बंद किये जाने के बाद रायपुर उरकुरा मांढर सिलयारी बैकुठ तिल्दा हथबंद भाटापारा निपनिया दगोरी बिल्हा चकरभाटा दाधापारा बिलासपुर अकलतरा नैला चापा होकर गेवरारोड कोरबा की ओर जाने वाले यात्री हलाकान थे लगातार मांग केबाद रेल प्रशासन ने उक्त ट्रेन को पुनः चलाने का फै सला लिया है रायपुर गेवरा रोड ट्रेन के पुनः प्रारंभ हो जाने से अप डाउन दिशा के हजारो रेल यात्रियो को खासकर गरीब निर्धन माध्यम व सामान्य वर्ग के आम रेल यात्रियो क ो राहत मिल सकेगा



# पुरई के प्रतिनिधियों ने विधानसभा का भ्रमण किया, कार्यवाही भी देखी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पुरई के पंचायत प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर का भ्रमण किया और सदन की कार्यवाही देखी। पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक ललित के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री मंडल से मुलाकात कर उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

सरपंच व पंचों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक प्रेरणादायक अवसर रहा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को निकट से देखने का अवसर मिलना गौरवपूर्ण अनुभव है। इस अवसर पर सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, कुमार साहू, ममता देवांगन, गीता देवांगन, तेजनाथ साहू, देवला सिंह, सतरूपा साहू, डोमार सिंह साहू, गौरी बाई, भारत भूषण, अनिल कुमार, रेनू कुमार साहू, रूखमणी साहू, आशीष कुमार रिगरी आदि मौजूद थे।

# शिक्षा से बौद्धिक ही नही चारित्रिक विकास भी होता है - अश्वनी शर्मा

**भाटापारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मदिर संस्थान द्वारा संचालित हायर सेकेडी स्कूल में विद्याभारती प्रातीय शारीरिक एवं खेल आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2025 का आयोजन किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सामिल हुए इस अवसर पर उन्होने कहा कि केवल बौद्धिक नही शारीरिक और चारित्रिक विकास भी सरस्वती शिशु मदिर में समग्र शिक्षा का आधार रहा है उक्त अवसर पर देवनारायण राम भरोस सोनू विवेकानंद संतोष पांडे सहित बडी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगो ने शिविर के आयोजन पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भावी पीढी को राष्ट्र भाव उत्साह और उर्जा प्राप्त करने में मदद मिलती है



# चक्काजाम के बाद कोसमंदा हायर सेकेडरी स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ हुए




**भाटापारा।** शहर से 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कोसमंदा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षको की कमी के कारण हो रहे अध्ययन मे बाधा को लेकर शुक्रवार को लगभग छात्र छात्राओ ने शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर उतरते हुए यातायात जाम कर दिया था इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी समस्या का समाधान शीघ्र निकालने की बात कहते हुए सडक जाम को समाप्त कराया था उक्त गांव के स्कूल में ब्लाक शिक्षाअधिकारी राम जी पाल ने शनिवार को हायर सेकेंडरी स्तर तक की पढाई को अनवरत जारी रखने हेंतु हाईस्कूल बोरसी धवई के व्याखयाता लोकेश मेहर को वहा पदस्थ किये है इसी तरह सेंमराडीह संकु ल निपनिया के राजकुमार ध्रुव सहायक शिक्षक को भी कोसमंदा पदस्थ किया गया है जिससे की कोसमंदा हायर सेकेडरी स्कूल मे अध्ययन अध्यापनसुचारू रूप से संचालित हो सके

# अश्वनी शर्मा को गेलाराम कालोनी के निवासियों ने समस्या बतायी



**भाटापारा।** पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संत गेलाराम कालोनी मे पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पहुंचकर वहा के नागरिको की विभिन्न समस्याओ को सूना व उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया वार्ड वासियो ने अध्यक्ष को जल निकासी सडक मरम्मत स्ट्रीट लाईट सफ ई व्यवस्था व अन्य मूलभूत समस्या की जानकारी दी जिस पर शर्मा ने वार्ड वासियो को भरोसा दिलाया कि समस्याओ का समाधान शीघ्र कर लिया जायेगा उक्त अवसर पर सतीश तलरेजा योगेश अनंत बसंत गेहाणी सहित बडी तादाद में वार्डवासी उपस्थित थे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0

# शिवरतन शर्मा ने लगाया पौधा

**प्रकृति और समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। यह हमारा भी कर्तव्य है कि हम भी प्रकृति और समाज के लिए अपना योगदान दें- शिवरतन शर्मा**

ब्यूरोचीफ संतोष साहू







**भाटापारा** ।-एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वन मंडल द्वारा ग्राम कोसमंदा में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सहाभागिता कर वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

शिवरतन शर्मा ने कहा की वृक्षारोपण केवल पर्यावरण को हरा-भरा करने का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती माँ के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक और भावी पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है। इस सार्थक पहल के माध्यम से हरियाली को समर्पित एकजुट प्रयास किया, जो जलवायु संतुलन और जैव विविधता को सहेजने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम अभियान इसलिए कहा गया कि पेड़ से हम जुड़ पाएं। सबसे पवित्र रिश्ता मां का होता है। मां के लिए इससे बड़ा सम्मान और कुछ नहीं हो सकता। मां के सम्मान में यह आज हम सब पेड़ लगा रहे हैं। जितना सम्मान मां का होता है उतना ही सम्मान पेड़ का भी होता है। वृक्षों से ही धरती माता का श्रृंगार होता है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुखद और स्वस्थ हो, इसके लिए पौधे लगाना जरूरी है। पौधों को लगाने के साथ साथ उनकी देखरेख भी जरूरी है। शिवरतन शर्मा ने घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की बात कही। शर्मा ने कहा कि प्रकृति और समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। यह हमारा भी कर्तव्य है कि हम भी प्रकृति और समाज के लिए अपना योगदान दें. इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी जी, मंडल अध्यक्ष नियनिया मथुरा यदु जी, भाजपा नेता महेश वर्मा जी, राजेश पटेल जी, चेतन वर्मा जी सहित ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे...

*नगर पालिका प्रशासन को*

# परिवहन कर्मियों को हो रही विभिन्न असुविधाओं से अवगत कराया गया



**भाटापारा।** नगर क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में आज चालक एवं परिचालक संघ द्वारा नगर पालिका प्रशासन को यात्रियों एवं परिवहन कर्मियों को हो रही विभिन्न असुविधाओं से अवगत कराया गया। निवेदन के उपरांत स्थल पर पहुँचकर स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संघ के पदाधिकारियों एवं परिवहन कर्मियों से विस्तारपूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी गईं। तत्पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि बस स्टैंड परिसर में साफ़-सफ़ाई, पेयजल, शौचालय, रैन बसेरा एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यात्रियों को सुरक्षित, सहज और सुविधाजनक परिवहन सेवा का अनुभव हो तथा चालक-परिचालकों को सम्मानजनक वातावरण में कार्य करने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि यात्रियों और परिवहन से जुड़े कर्मियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता में रखा गया है, और आगामी समय में आवश्यकतानुसार समग्र सुधार कार्य किए जाएंगे।



# वेदांता समूह की रेटिंग्स को क्रिसिल और आईसीआरए ने रखा बरकरार

**बालकोनगर।** भारत की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, क्रिसिल रेटिंग्स और आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड की क्रेडिट रेटिंग्स को पुनः पुष्टि प्रदान की है, जो कंपनी की समग्र व्यावसायिक सस्टेनेबिलिटी, स्वस्थ वित्तीय प्रदर्शन और बेहतर कॉर्पोरेट गवर्नेंस के प्रति निरंतर विश्वास को दर्शाता है। क्रिसिल की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि प्रबंधन और कुछ ऋणदाताओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर रेटिंग एजेंसी समझती है कि वर्तमान में किसी भी ऋणदाता या निवेशक की ओर से कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया नहीं आई है। क्रिसिल ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के लिए दीर्घकालिक रेटिंग क्रिसिल एएए और वेदांता लिमिटेड के लिए क्रिसिल एएए रेटिंग को पुनः पुष्टि दी है। इसके साथ ही आईसीआरए ने भी वेदांता की दीर्घकालिक रेटिंग को एए स्तर पर बरकार रखा है।

यह रेटिंग उस शॉर्ट सेलर वाइसरॉय की रिपोर्ट का मजबूत खंडन करती है, जिसमें वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज पर स्ट्रक्चरल सबॉर्डिनेशन और डिविडेंड पर अत्यधिक निर्भरता के माध्यम से ऋण सेवा देने का आरोप लगाया गया था। क्रिसिल की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दोनों के शेयर मूल्य, रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, पहले ही पुन: उबर चुके हैं।

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिसिल रेटिंग्स ने 9 जुलाई 2025 को वेदांता समूह पर प्रकाशित शॉर्ट सेलर रिपोर्ट और उसके पश्चात वेदांता लिमिटेड तथा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में आए एकदिवसीय उतार-चढ़ाव पर ध्यान दिया है। वेदांता प्रबंधन ने 9 जुलाई 2025 को जारी अपने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। क्रिसिल के अनुसार वेदांता लिमिटेड (वीईडीएल) और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के स्टॉक मूल्य रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद से पुन: बढ़े हैं।

क्रिसिल ने वेदांता समूह की 11 कंपनियों, हिंदुस्तान जिंक, ईएसएल स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज लिमिटेड आदि पर रेटिंग्स जारी की हैं और सभी की रेटिंग्स की पुन: पुष्टि की गई है। क्रिसिल का कहना है कि वह अपनी सभी मौजूदा रेटिंग्स की निरंतर निगरानी करता है। वेदांता और इसकी सहायक कंपनियों की रेटिंग्स को उनके भारतीय प्रचालनों की मजबूत व्यावसायिक स्थिति और बेहतर वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर समर्थन मिलता है। इसी तरह आईसीआरए ने वेदांता ग्रुप की लगातार कर्ज़ घटाने की प्रतिबद्धता को सकारात्मक रूप में देखा है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) सहित समूह का लीवरेज (नेट कर्ज़/ऑपरेटिंग मुनाफा) वित्त वर्ष 2024 में 3.2 गुना था, जो वित्त वर्ष 2025 में घटकर 2.5 गुना हो गया है। एल्यूमिनियम और जिंक जैसे क्षेत्रों में अच्छी लाभप्रदता से समूह की वित्तीय स्थिति और बेहतर होने की उम्मीद है। इसके अलावा आईसीआरए वेदांता लिमिटेड (वीडीएल) की समायोजित वित्तीय स्थिति और कर्ज़ कवर आंकड़ों की गणना करते समय वीआरएल के कुल कर्ज़ और वित्तीय खर्चों को भी शामिल करता है। क्रेडिट रेटिंग की प्रक्रिया के अनुसार, एएए रेटिंग का मतलब है कि इस रेटिंग वाले साधन समय पर वित्तीय दायित्वों को पूरा करने के मामले में सबसे अधिक सुरक्षित माने जाते हैं। इनमें क्रेडिट जोखिम सबसे कम होता है। वहीं, एए रेटिंग का अर्थ है कि ऐसे साधनों को समय पर भुगतान के मामले में उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त होती है और इनका क्रेडिट जोखिम बहुत ही कम होता है। इस रिपोर्ट में वेदांता के कर्ज़ को अस्थिर और वित्तीय स्थिति को कमजोर बताने के जो आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से गलत और बेबुनियाद हैं। वेदांता की कंपनियों को जो क्रेडिट रेटिंग्स (एएए और एए) मिली हैं, वे इस बात का साफ़ संकेत हैं कि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत है और वह अपने दायित्वों को समय पर पूरा करने में सक्षम है। ये रेटिंग्स सबसे कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाती हैं और कंपनी की स्थिरता पर उठाए गए सवालों को गलत साबित करती हैं। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने हाल ही में अपने कर्ज़ का पुनर्वित्तन किया है, जिससे अब भुगतान की समय-सीमा लंबी हो गई है और वित्त वर्ष 2026 से ब्याज लागत में भी कमी आने की संभावना है।

## गांवों के विकास से ही राज्य की प्रगति संभव है- शिवरतन शर्मा

# शिवरतन शर्मा ने 10 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को ग्राम सीतापार में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित कर शिवरतन शर्मा ने कहा की गाँव-गाँव में विकास कार्यों को पहुंचाने और डबल इंजन भाजपा सरकार की जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

शिवरतन शर्मा ने कहा की नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में सतत विकास कार्य किये जा रहे हैं..

शर्मा ने आगे कहा की, गांवों के विकास से ही राज्य की प्रगति संभव है। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। शिवरतन शर्मा ने सावन माह के पवित्र अवसर पर ग्राम के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सभी की सु:ख समृद्धि की कामना की और एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष सिमगा चंद्रमणी तिवारी, जिलापंचायत सभापति श्रीमती दीप्ती गोविन्द वर्मा,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सरपंच श्रीमती कुंती अखबर साहू, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे...



तीन दिवसीय कार्यक्रम

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गंजपारा दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया



ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने तीन जिले दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा के कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय संभाग स्तरीय वर्ग कार्यक्रम का आयोजन कया। यह कार्यक्रम 11 से 13 जुलाई तक दुर्ग के पंचवटी मांगलिक प्रांगण गंजपारा दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमे तीनो जिले के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विहिप प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख निलेश शर्मा ने हिन्दू जीवन दर्शन पर चर्चा की।

सदस्यों ने बताया कि 11 जुलाई को उद्घाटन सत्र में जितेंद्र सिंह पवार क्षेत्र संगठन मंत्री ने कया। जिसमे प्रांत सह मंत्री और दुर्ग विभाग पालक घनश्याम चौधरी व विहिप प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक शुभम नाग उपस्थिति थे। विहिप दुर्ग और राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया। रात सत्संग में प्रान्त सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा ने भक्तिपूर्ण संगीतमय भजन प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन विहिप मंदिर क्षेत्रीय अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने धर्मान्तरण लव जिहाद पर युवाओं के बीच अपनी बात रखी। बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने बजरंग दल के कार्य, टोली, साप्ताहिक मिलन विषय पर जानकारी दी। विहिप क्षेत्रीय विशेष संपर्क प्रमुख जुगराजधर द्विवेदी ने विहिप स्थापना और उसके आयाम की जानकारी दी। विहिप प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा ने वर्तमान चुनौतियों और कार्यकर्ताओं के कर्तव्य की जानकारी दी।

रचना और सत्संग बढ़ाने युवाओं को प्रेरित भी किया गया वर्ग के आखिरी दिन प्रान्त सह मंत्री नंदूराम साहू ने समिति के कार्य, रचना और सत्संग बढ़ाने का कार्य पर युवाओं को आवश्यक जानकारी दी। शाम को वर्ग समापन में बजरंग दल प्रांत सह संयोजक शुभम नाग एवं प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख यशपाल साहू के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वर्ग में पालक अधिकारी की भूमिका विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, राकेश रामलोचन तिवारी, शैलेंद्र सोनी, विहिप जिला अध्यक्ष मनीष बुचासिया, प्रवीण राव, सौरभ देवांगन, खेमलाल सेन, टीकू निषाद, पंकज पटेल, सुनील वैष्णव, इंद्रजीत सोनकर, आशीष साहनी, रामकुमार राय आदि मौजूद थे।

# शिवभक्त रेल्वे स्टेशन से बैद्यनाथ धाम सहित अन्य धर्मस्थल के लिए रवाना हुए

## स्टेशन परिसर गुंज उठा जय घोष के नारे से



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सावन मास मे रेल्वे स्टेशन से शिव भक्त बोल बम के जयघोष के साथ विभिन्न धार्मिक स्थलो की ओर बडी तादाद में जा रहे है जिसके कारण भाटापारा स्टेशन से गुजरने वाली तमाम ट्रेनो में भारी भीड का माहौल बना हुआ है शिव भक्त अलग अलग जत्थो में बैद्यनाथ धाम मल्लिका अर्जुन नागेश्वर धाम रामेश्वर घुश्मेश्वर त्रमकेश्वर नासिक विश्वनाथ काशी सोमनाथ गुजरात महाकालेश्वर उज्जैन ओकारेश्वर खंडवा केदारनाथ उत्तराखंड के अलावा भीमाशंकर महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए ज्यादातर श्रद्वालू अपने मित्र मंडली परिवार दोस्त यार के साथ ग्रुप मे रवाना हुए स्टेशन से औरंगाबाद जर्सीडीह द्वारिका रामेश्वरम वाराणसी नासिक पुणे रूद्र प्रयाग खंडवा उज्जैन कु नूंल तथा पाटन गुजरात के लिए हजारो की संख्या में धर्मस्थल की ओर गये वही अनेक श्रद्वालू अपने अपने चौपहिया वाहन से भी बडी संख्या में सडक मार्ग से विभिन्न धर्म स्थानो के लिए रवाना हुए सावन के पवित्र महीने मे शिव अराधना के लिए स्थानीय मंदिरो मे भी शिव भक्तो का ताता लगा हुआ है खासकर पालिका परिसर के पास स्थित महाकाल मंदिर मरवाडी कुआ के पास स्थित शिव मंदिर कैलासधाम सिद्वबाबा शिव मंदिर नेहरू वार्ड शिव मंदिर सहित सिमगा के आगे स्थित सोमनाथ मदिर बेमेतरा के नजदीक बहेरा तथा जेरमदेव मद्वकूदीप रामपुर करहीबाजार जोगीद्वीप गुर्रा सहित अन्य नजदीक के शिवालयो में श्रद्वालू भक्त शिव आराधना के लिए पहुंच रहे है ।

# भागवत प्राप्ति के लिए गुरु परम आवश्यक - झम्मन शास्त्री

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर वेदव्यास भगवान की जयंती श्री राम सप्ताह मंडप के प्रांगण में आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ इस अवसर पर सनातन परंपरा प्राप्त श्री आचार्य गुरु चरणों का पूजन आराधना के साथ भजन संकीर्तन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं सत्संग का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। श्री शास्त्री जी ने भक्तों को संबोधित करते हुए गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया की गुरु देवता दानव मानव सभी के लिए आवश्यक है जीवन में आत्म कल्याण की प्राप्ति के लिए सदगुरू के बताए मार्ग में चलकर हम इस लोक और दिव्य परलोक में भी उत्तम गति प्राप्त कर सकते हैं । आदि शंकराचार्य गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए इसलिए जगतगुरु शंकराचार्य को हिंदुओं के सार्वभौम धर्म गुरु के रूप में मान्यता प्राप्त है।हम सब के लिए गौरव का विषय है कि 2500 वर्ष पहले आदि शंकराचार्य की जो आदर्श परंपरा है उनके हम अनुयाई हैं और भारतवर्ष के लिए यह गौरव का विषय है कि यह दिव्य परंपरा आज भी प्रतिष्ठित है भगवान वेदव्यास नारायण के साक्षात अवतार हैं सेवा का प्रकल्प चलाने का आज व्रत लेने का महापर्व है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में अध्यनरत श्री हर्ष मिश्र ने भी सभा को संबोधित किया।इस अवसर परअनिल चांडक,वीरेंद्र शर्मा,नरेश शर्मा रवि गुप्ता, मदन अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा कममु सोनी,हरिकिशन गट्टानी,बजरंगी चौरसिया नरेश अग्रवाल, गिरधर शर्मा, वासु गुप्ता कान्हा पाठक, हर्ष मिश्र प्रतिमा गुप्ता, आशा शर्मा, लता गिन्नौरे, सरिता शर्मा एवं धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्य एवं धर्म प्रेमी भक्त वृंद बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पाइप लाइन के लिए खोदे गड्ढों में ट्रक का पहिया धंसा, नहीं हुई कोई जनहानि

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** सीमेंट बोरियों से लदा ट्रक शुक्रवार की सुबह पांच बजे उपरवाह से तिलई मार्ग के बीच ग्राम डुमरडीह खुर्द के पास सड़क किनारे पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों में धंस गया। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार के द्वारा सभी गांव में पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। पाइप लगाने सड़क किनारे खोदा गया है। लेकिन उस हिस्सों को समतल नहीं किया गया है। बारिश के पानी में भीगने के बाद वह जगह गड्ढो में परिवर्तित हो गया। इसी गड्ढों में ट्रक के एक हिस्सा का सभी पहिया धंस गया और कुछ ही देर में एक तरफ पलट गया। गनीमत रही वाहन चालक को कुछ नहीं हुआ।

ज्ञात हो कि वर्ष 2008 में सड़क चौड़ीकरण के दौरान उपरवाह से तिलई 12 किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर पटरी में पत्थरों का पिचिंग किया गया था, ताकि सड़क की मजबूती वर्षों तक बनी रही। इस ओर पीडब्ल्यू ने व संबंधित ग्राम पंचायतों ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझी। ठेकेदार ने उपरवाह से तिलई तक की सड़क के एक किनारे को पानी पाइप लाइन बिछाने सड़क को क्षति ग्रस्त कर दिया है।

# सावन शुरू होते ही गुंजने लगे मदिरों में प्रात: से घंटी व शंख की ध्वनि

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शिव अराधना का पवित्र सावन महीना शुक्रवार को प्रारंभ होते ही प्रात: से शहर के तमाम शिवालय व मदिरो में घंटी घंटा व शंख के शंखनाद सुनाई देने लगे बडी तादाद में महिला व पुरूष भक्त सावन में शिव की पूजा करने पहुचे नगर के मारवाडी कुआ शिव मदिर खप्पर बाबा शिव मदिर नगर पालिका परिसर स्थित महाकाल मदिर नेहरू वार्ड स्थित शिव मदिर मातादेवाला स्थित शिव मदिर कैलास धाम शिव मदिर सिद्व बाबा स्थित शिव मदिर के अलावा टोहडीघाट शिव मदिर ब्लाक के गाव रामपुर स्थित शिव मदिर सहित अन्य मदिरो मे बडी संख्या में भक्त प्रात: से दोपहर तक शिवलिंग में जला अभिषेक करने व बेल पत्र व पुष्प अर्पित करने बारी बारी से पहुचने लगे इसके अलावा बडी तादाद में श्रद्वालू विभिन्न धार्मिक स्थलो की ओर अलग अलग ट्रेनो से जत्था में रवाना हुए जिसमें ज्यादातार भक्त बाबा बैद्यनाथ धाम जाने रवाना हुए अनेक भक्त मल्लिका अर्जुन, भीमाशंकर, महाकाल उजैन, त्रमबकेश्वर नासिक, के अलावा वाराणसी सहित अन्य धर्म स्थल के ओर रवाना हुए बडी तादाद मे शिव भक्तो के बाहर के प्रमुख धार्मिक स्थल की ओर जाने के कारण प्राय प्राय हर ट्रेनो में भारी भीड का माहौल बना रहा वही अने क भक्त सडक मार्ग से भी धर्मस्थल की ओर रवाना हुए कई श्रद्वालू तो निकट के राजीम शिवरीनाराण मल्हार व खरौद सहित आसपास के धर्म स्थल की ओर अपने मित्र मंडलियो के साथ रवाना हुए ।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहभट्टा स्कूल में पौधा रोपण किया



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल मोहभट्टा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन प्राथमिक विद्यालय के शाला परिसर में सौंदर्यीकरण स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के उददेश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में दीप्ती गोविंद वर्मा सुंदरलाल बंजारे महेंद्र वर्मा सूर्या टंडन एस के बघेल कामदेव सेन धर्मेंद्र सरसिहा नोहरसिंह नेताम जयशंकर तिवारी दीपक रजक सोनकर काजल पूर्णिमा ममता ध्रुव रितु वर्मा एस के साहू लूकेश वैष्णव धर्मेंद्र कुमार आडील टेकराम वर्मा हेमलता महंत प्रकाश साहू लक्ष्मण कुमार वर्मा ओंकार साहू संतोष ध्रुव दिलीप वर्मा भीखम वर्मा नारद वर्मा भागवत बंजारे धनऊ वर्मा सनत महिलांग संतोष सेन दिनेश वर्मा एवं समस्त छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### निधन - नंदलाल गिड़वानी



भाटापारा। सिन्धी समाज के पूर्वमुखी नंदलाल गिड़वानी का निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा में बडी संख्या में लोग शामिल हुए पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित अन्य लोगो ने उन्हे श्रद्धाजली दी।

पाटन पुलिस की बड़ी कार्यवाही।

### ग्रामीणों से नौकरी लगाने के नाम से पैसा लेने वाली आरोपी महिला आयी पुलिस गिरफ्त में

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** थाना पाटन के अप0क्र0 134/2025 धारा-420, भादवि के मामले मे दिनाँक घटना 16.01.24 को आरोपी महिला गीतांजली टंडन ने ग्राम सिपकोना के निवासी एमन बंजारे से 2 लाख एवं अन्य ग्रामीणों से नौकरी लगाने के नाम से रुपए लेकर राजस्व विभाग के सहायक ग्रे 3 एवं चपरासी पद के लिए फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर एवं फर्जी चरित्र सत्यापन बनवाकर ठगी कर धोखाधड़ी की थी आवेदक कि रिपोर्ट पर दिनांक 14.07.25 को थाना पाटन में अपराध 134/25 धारा 420 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया है विवेचना के दौरान प्रकरण में आवेदक द्वारा फ़र्ज़ी नियुक्ति प्रमाण पत्र एंव फ़र्ज़ी चरित्र सत्यापन के दस्तावेज पेश करने पर प्रकरण में धारा 467,468,471 भादवि जोड़ी गयी आरोपी महिला घटना के बाद से फरार चल रही थी जिसे दिनाक 17/07/2025 विधिवत गिरफ्तार किया गया बाद गिरफ्तारी की सूचना आरोपी महिला के परिजन को दिया जाकर दिनाक 17/07/2025 को आरोपी महिला को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### रोहरा में रोका छेका को लेकर बैठक संपन्न

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत रोहरा में सरपंच गुलाब साहू व सभी पंचो के सहमति से गांव में धन की पौधो की सुरक्षा के लिए रखवार लगाकर खेतो की रखवाली की जा रही है इसी तरह सभी मवेशी पालक तथा चरवाहो को हिदायत दी गई है कि वे अपने मवेशियो को खेत व रोड पर न छोडे इसके लिए बकायदा नियम बनाया गया है व कांजी हाउस के नियमो का पालन करने का निर्देश भी मवेशी मालिको को भी दिया गया है गांव मे रखवार के पद पर हरिशचंद सतनामी कारे नियुक्त किया गया है गाव के गुलाब साहू गोरे लाल सावरा बहादुर यदु मनराखन यदु नंदू मांडले अनुज यदु कार्तिकराम यदु नरेश यदु जगत यदु धनेश यदु कुजराम यदु गैदराम यदु गंगा यदु जगतराम यदु छबिराम साहू रामेश्वर त्रिवेदी अतुल त्रिवेदी खेमराम पाल लिलेश्वर साहू छबिराम साहू भुरूवा साहू कृष्णा सतनामी अजित राम साहू दुजेराम निषाद भगवती यदु विनोद मिश्रा दुर्गेश निषाद सहित अन्य लोग उक्त अवसर पर उपस्थित थे ।

समाज आज सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा

# किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता होती है- शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






**भाटापारा।** श्री दोसर वैश्य समाज हमेशा से ही जरूरतमंदों की मदद के लिए अग्रणी रहा है और समाज का मार्गदर्शन करता रहा है। भाटापारा उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मंगलवार को श्री दौसर वैश्य गुप्ता समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मर्यादित बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ सम्मिलित हुए।

शिवरतन शर्मा ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री दोसर वैश्य समाज हमेशा से ही अपने सामाजिक कार्यों के जरिए दूसरों की मदद करता आया है।

शिवरतन शर्मा ने यह भी कहा कि, किसी भी समाज की एकजुटता उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। एकजुट समाज में लोगों के बीच आपसी सहयोग, विश्वास और सामंजस्य होता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और विकास की गति बनी रहती है। पैसे से सभ्यता नहीं आती; इसके लिए संस्कारों और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता होती है। संस्कार और नैतिक मूल्य समाज के सदस्यों को सही दिशा में मार्गदर्शित करते हैं और उन्हें एक सभ्य और सशक्त समाज का निर्माण करने में मदद करते हैं।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि श्री दोसर वैश्य समाज आज सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। साथ ही समाज युवाओं में शिक्षा, संस्कार, और नेतृत्व के गुण विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में इस तरह के आयोजन से सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों, और सामुदायिक विकास को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रसास्त होता हैं।





आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों और समाज के सभी सदस्यों को अतिथियों द्वारा बधाई शुभकामनायें दी गई...

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश दोसर वैश्य समाज के अध्यक्ष विनोद गुप्ता,पंकज गुप्ता, रमेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, मुरली लाल गुप्ता, रामचंद गुप्ता, शिव गुप्ता,महेश गुप्ता, किशोर गुप्ता,शशांक गुप्ता, देवेश गुप्ता सहित समाज के गणमान्यजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे..

# पुलिस के द्वारा पत्रकारों से जानकारी छुपाने से नाराज पत्रकारों ने ए एस पी को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अनुविभाग अंतर्गत थाना क्षेत्र में जुआ, सट्टा, शराब, के अपराधिक तत्व खुलेआम अपराध करते नजर आते है जिन पर पुलिस की कार्यवाही निम्न है और अगर कार्यवाही होती भी है तो वह संदिग्ध रूप मे दिखाई पड़ती है, संदिग्ध रवैये के चलते मिडिया कर्मियों को उसकी जानकारी नही दी जाती या जानबुझ कर जानकारी देने मे देरी की जाती है। जिसके चलते मिडिया कर्मियों में भाटापारा शहर थाना और ग्रामीण थानों की कार्यवाहियों को लेकर असंतोष व्याप्त है। वही थानों मे पुलिस के द्वारा फरियादियो के साथ दुर्व्यव्हार की शिकायत मिलना आम बात है। पुलिस के इस रवैये से पुलिस और मिडिया के मध्य संवाद में मतभद जैसी स्थिति निर्मित हो रही है जिसके कारण समाचार को लेकर मिडिया पुलिस की सहयोग करने मे अपने आप को असमर्थ महसुस कर रही है। मिडिया कर्मियों में पुलिस के खिलाफ नाराजगी पनपने लगी है, पत्रकारो ने अति. पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार को ज्ञापन सौंप कर पुलिस की कार्यप्रणाली और रवैये को ठीक कर अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को ठीक से निर्वहन करने की मांग की वही अगर पुलिस व्यवस्था सही नही की जाएगी तो पत्रकारो ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसिंह सिदार एवं डीएसपी तारेश साहू को पत्रकारो ने ज्ञापन सौंपा । अधिकारियों ने पत्रकारों को जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है।

# घर में घुसकर की मारपीट दो साल बाद पकड़ में आए

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत घर के सामने शराब पीने से मना करने पर आरोपियों ने युवक से जमकर मारपीट की। आरोपी करीब दो साल से फरार चल रहे थे। शुक्रवार को सुराग मिलने पर दोनों को पुलिस ने पकड़ लिया। मामले में घासीदास नगर जामुल निवासी सिद्धार्थ कुमार गुप्ता ने 19 जुलाई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया था कि मोहल्ले का रहने वाला प्रिंस कुमार एवं भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू उसके घर के दरवाजे के पास शराब पी रहे थे। उसने दोनों को मना किया तो उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद जबरदस्ती उसके घर में घुस कर लोहे की रॉड और बेसबॉल के बल्ले से मारपीट की। प्रकरण में पुलिस ने धारा 452, 294, 506, 323, 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया। अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद आरोपी शहर छोड़कर भाग गए। शुक्रवार को सुराग लगने पर आरोपी प्रिंस कुमार और भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com